सूक्तिपञ्चामृतम्

सूक्तिपञ्चामृतं काव्यं मिश्रसम्पूर्णनिर्मितम् ।
शक्तिं सञ्चारयेत्सत्सु कलिकालाहतेष्वपि।।



प्रणेता -

कविपूण्डरीकः

सम्पूर्ण दत्त मिश्रः

ह्रीं

श्रीगणेशाम्बिकागुरुभ्यो नमः

श्रीकुलदेवताभ्यो नमः

ऊँ नमः शिवाय

सम्पूर्णदत्तमिश्रोऽहं सूक्ति-पञ्चामृतं मम ।
धवलाचल-सुन्दर्यै कुलदेव्यै समर्पये ।।

-कविपुण्डरीकः
सम्पूर्ण दत्त मिश्रः

नाम----------

पत्र व्यवहार संकेत----------

सूक्तिपञ्चामृतम्

हिन्दी-इँग्लिश-भाषाओं में
कविपुण्डरीक-कृत-पद्यानुवाद-सहित

प्रणेता-
कविपुण्डरीकः
सम्पूर्ण दत्त मिश्र

उल्लासश्रीभवनम्
गोपालगढ़, भरतपुर, राजस्थान
३२१००१

प्रकाशक -
कविपुण्डरीकः
सम्पूर्ण दत्त मिश्र

प्रकाशनकाल -
विक्रमसंवत् २०५६, मार्गशीर्ष वदि श्री कालभैरवाष्टमी
मंगलवार

तीस नवम्बर १९९९ ई0

प्रथम संस्करण
५००

दक्षिणा -
दो सौ रुपये + पोस्टेज
सात ब्रिटिश पौण्ड + पोस्टेज
दस अमरीकन डालर + पोस्टेज

प्रकाशक -
कविपुण्डरीक:
सम्पूर्ण दत्त मिश्र

पुस्तक प्राप्ति स्थान -
उल्लासश्रीभवनम्
गोपालगढ़, भरतपुर, राजस्थान
३२१००१

पुस्तक के सम्पूर्ण अधिकार श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र के अधीन हैं ।

कम्प्यूटर-प्रयोग-कर्ता

अजय वाशिष्ठ

पी. सी. टैक्नीक्स

डी-106, रणजीत नगर, भरतपुर

मुद्रक -

THE
SŪKTI-PAÑCĀMṚTAM

With the translations in verse-form in both Hindi and English by the poet himself

The author :-
Kavi- Puṇḍarīkaḥ
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA
Ullāsaçrī- Bhavanam
Gopal Gadh, Bharatpur, Rajasthan
321001

The Publisher
Kavi-Puṇḍarīkaḥ
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

Published on
Saṁvat 2056 Mārgaçīrṣa vadi çrī kālabhairavāṣṭamī
November 30, 1999

First edition
500

Price
Rs. Two hundred + Postage
Seven Pounds + Postage
Ten Dollars + Postage

The author :-
Kavi- Puṇḍarīkaḥ
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

The book available at :
Ullāsaçrī- Bhavanam
Gopal Gadh, Bharatpur, Rajasthan
321001

The Publisher
Kavi-Puṇḍarīkaḥ
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

ALL RIGHTS RESERVED WITH
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA
THE AUTHOR AND THE PUBLISHER

COMPUTERIZED BY
AJAY VASHISHTHA
P. C. TECHNIQUE`S
D-106,RANJEET NAGAR, BHARATPUR

PRINTED BY

अनुक्रमण-दर्शनी

क्रमाङ्क: पृष्ठाङ्क:

1 श्री शारदा-पीठ,शृङ्गेरी के शङ्कराचार्य स्वामी श्री भारती-तीर्थ 9

2 श्री कामकोटि-पीठ के शंकराचार्य स्वामी चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती.....10

3 पण्डित श्री बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते 11

4 डा0 राधाकृष्णन, डा0 अमरनाथ झा, डा0 पी. के. आचार्य 12

5 जज भट्टाचार्य और प्रोफेसर कुम्भारे 13

6 पण्डित श्रीहरि शास्त्री दाधीच 14

7 श्री रमाप्रसन्न नायक **ICS (Retd.)** 15

8 डा0 सी. डी. देशमुख 16

9 प्रोफेसर जान बरो ब्रिस्टल यूनिवर्सिटी इंग्लैण्ड 17

10 स्वामी अमृतवाग्भवाचार्य 18

11 डा0 कलानाथ शास्त्री 19

12 ग्रन्थकार-कृतज्ञता 20

13 ग्रन्थकार का चित्र 21

14 **The Author`s Gratitude** 22

15 ग्रन्थकार का दूसरा चित्र 23

16 एक मन्दाक्रान्ता 24

17 सूक्तिपञ्चामृतम् पर श्रीहरि शास्त्री दाधीच की भूमिका 25-34

18 सूक्तिपञ्चामृतम् पर डा0 कलानाथ शास्त्री की भूमिका 35-44

19 सूक्तिपञ्चामृतम् पर डा0 कलानाथ शास्त्री की इंग्लिश में भूमिका 45-50

20 अथ सूक्तिपञ्चामृतवृत्तानामवतरणिकाऽनुक्रमणिका 51-54

21 अथ सूक्तिपञ्चामृतम् 55-168

The Table of Contents

S.No.		Page
1	Shri Sharada-Peetha-Shankaracharya Swami Shri Bharati Tirtha	9
2	Shri Kamakoti-Peetha-Shankaracharya Chandrashekharendra Saraswati	10
3	Pandit Batuk Nath Shastri Khiste	11
4	Dr. S. Radhakrishnan, Dr. Amara Nath Jha, Dr. P.K. Acharya	12
5	The Judge Bhattacharya and Prof. Kumbhare	13
6	Pandit Shri Hari Shastri Dadhicha	14
7	Shri Rama Prasanna Naik ICS (Retd.)	15
8	Dr. C. D. Deshmukh	16
9	Prof. John Burrow Bristal University England	17
10	Svāmī Amṛta Vāgbhavācārya	18
11	Dr. Kala Nath Shastri	19
12	Granthakāra-Kṛtajñatā	20
13	The portrait of the author	21
14	The Author`s Gratitude	22
15	Another portrait of the author	23
16	One Mandākrāntā	24
17	Shri Hari Shastri Dadhicha`s Introduction to the Sūkti-Pañcāmṛtam	25-34
18	Dr. Kala Nath Shastri`s Foreword to the Sūkti-Pañcāmṛtam	35-44
19	Dr. Kala Nath Shastri`s Foreword to the Sūkti-Pañcāmṛtam in English	45-50
20	The list of the headings of the verses of the Sūkti-Pañcāmṛtam	51-54
21	The SŪKTI-PAÑCĀMṚTAM	55-168

श्री श्री जगद्गुरु शङ्कराचार्य महासंस्थानम्, दक्षिणाम्नाय श्री शारदापीठम्, श्रृङ्गेरी

PRIVATE SECRETARY
To His Holiness Sri Jagadguru
Shankaracharya, Dakshinamnaya
SRI SHARADA PEETHAM,
SRINGERI -577139 (Karnataka).

Ref. No. DO1-180
Camp श्रृङ्गगिरिः
Date १७.८.९९

सुन्दरीकरुणापात्र त्रिभाषाकविताचण ।
सम्पूर्णदत्तमिश्राख्यसुकवे ते नमोस्त्विदम् ।।
सूक्तिपञ्चामृताभिख्यं काव्यं त्वद्रचितं कवे ।
समार्पयाम सम्प्राप्य जगद्गुरुपदाब्जयोः ।।
तदवेक्ष्य गुरूत्तंसाः करुणावरुणालयाः ।
मोदमाविरकार्षुः स्वं शिवानुध्यानतत्पराः ।।
बाला युवानः स्थविरा नार्यो नेतार आस्तिकाः ।
सर्वेपि काव्यमेतद्धि दृष्ट्वा स्युः प्रीतमानसाः ।।
आशास्य च भवच्छ्रेयः जगदाचार्यसत्तमाः ।
शारदाकुंकुमं मन्त्राक्षतांश्च व्यतरन्मुदा ।।

इत्थम्

Sd. /

(डॉ० एन्. एस. दक्षिणामूर्तिः)

Enc. - (1) Prasadams

(2) Vyasakshatas(S)

श्री चन्द्रमौलीश्वराय नमः।। दूरवाणी 2315

श्री शङ्करभगवत्पादाचार्य परम्पराऽऽगत- Ⓟ

श्री काञ्ची-कामकोटि-पीठाधिपति-

जगद्गुरु-श्री शङ्कराचार्य-स्वामिनाम्

श्री मठम् संस्थानम्

काञ्चीपुरम् ।।

यात्रा स्थानम् मुद्राङ्क दिनाङ्कः १८-४-९३

श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र

भरतपुर

नमस्ते ।

भवतां पत्राणि सर्वाणि प्राप्तानि ।

आस्वादितसूक्तिपञ्चामृतैः श्रीपादैः भवदर्थे प्रसादः अनुगृहीतः । स च अनेन प्रेषितोऽस्ति । विषयमिमं विज्ञापयन्

Sd. / Illegible

सूचना :- स्वामी जी को हिन्दी-इँग्लिश-पद्यानुवाद-हीन केवल संस्कृत मूल भेजा गया था।

- सम्पूर्ण दत्त मिश्र

*

श्रीगुरुगणेशः

राष्ट्रपतिसम्मानित
महामहोपाध्याय-
प्रो. बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते
अध्यक्ष- काशीपण्डितसभा वाराणसी

'श्रीनिकेतम्,' एन् १६/४३, पत्रकार नगर,
विनायका, वाराणसी-२२१०१०

श्रीमता कविपुण्डरीकमहाभागेन-निरर्गलप्रतिभासिद्धेन ग्रथितं 'सूक्तिपञ्चामृतम्' नाम काव्यरत्नं समासाद्य समास्वाद्य च भृशं प्रसीदामि । इतः पूर्वमपि 'रेवेश्वररञ्जना' प्रभृतीनि काव्यानि कवेरस्य गौरवं पुष्णन्ति । अस्मिन् 'सूक्ति पञ्चामृते' देवपूजाया दुग्धादिपञ्चामृतनामक्रमेण संज्ञां विरचयता कविना भक्तिप्राधान्यं प्रदर्शितम् । अस्यां रचनायां मुक्तक-काव्य-विधया सकलानि सूक्तानि पृथक्-पृथक् स्वतन्त्रं रुपम् आदधते । प्रसङ्गेन वीर-शान्त-करुण-श्रृङ्गारादीनां रसानाम् आस्वादः सहृदयग्राह्यः प्राप्यते। किञ्च कविरयं भाषात्रितयेऽपि सूक्तमिदं प्रणीय प्रदर्शयति वैदुष्यम् । प्रथमं संस्कृतभाषायां तदनु हिन्द्यां ततश्चांग्लभाषायां समानरूपेण विरचनां कृत्वा तिसृष्वपि भाषासु निरर्गलं रचनासामर्थ्यं प्रकाशयति ।

अद्य यावद्या रचनाः प्रकाशिताः तावताऽस्य सर्वतोदिक्कं वैदुष्यं काव्यरचनाचातुर्यञ्च भृशं निष्पक्ष-पातान् प्रमोदयिष्यति सारस्वतसेवकान् इत्याशासे।

अहमस्य सुकवेः मदीयसुहृदः सर्वलोकश्लाध्यं दिङ्मूलकूलङ्कषं कुन्देन्दुधवलं यशः श्रीजगदम्बिकायाः चरणाम्भोजयोः मुहुः प्रार्थये ।

बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते

Nowadays we do not have many people who write in Sanskrit. Therefore it is a pleasure to know that you have written these two works which you have sent me. I hope you will have a successful career as a literary writer.

NEW DELHI December 16,1959. Sd. / **S. Radhakrishnan**

I have now been able to go through the verses of Shri Sampurna Datta Mishra. I have been greatly impressed both by his command over the language and by his poetic gifts. I return the manuscript herewith.

PATNA Ferbrary 22, 1954 Sd. / **Amaranatha Jha**

I have read with pleasure the "Ritu ullasa" by Pandit Sampurna Datta Mishra in manuscript. It comprises... verses composed in easy style after the famous "Ritu Samhara" ascribed by some to the great poet Kalidasa.

Misra`s attempt is laudable and deserves appreciation.

ALLAHABAD
4.3.1954

P.K. Acharya
Mahamahopadhyaya
I.E.S. (Rtd) B.A. HONS, M.A., PHD, D.LIT., LONDON

I had the occasion to peruse "Ritoollas" composed by Pt. Mishra. The poems show the author`s unwearied pursuit of learning. The author has ably described the break of rains in a mellifluous voice. The poet of love has sublimated himself into a poet of truth. He has tried to translate the natural beauties of the seasons to realities. The peoms have thrown full glare on the natural beauties of the seasons. The Savant writer has a clear vision born of dispassionate outlook.

In these days, when Sanskrit studies are so much languishing, the author has achieved great ends and deserves every commendation for composing these poems.

A. Bhattacharya
6.3.54
Ist Addl. Sessions Judge
Allahabad

JAIPUR
February 11, 1955.

It gave me a great pleasure to listen to the "Ritullas" of Pt. Sampurna Datta Mishra, recited by himself. ..... When the verses were being recited to me I was reminded of Kalidas` "Ritu Samhar". The budding poet is a keen observer of nature and has a command over Sanskrit language. Pt. Mishra is gifted with genius and can compose with ease and fluency which are not easy to find. .... I am sure "Saraswati" will shower her choicest blessings upon Pt. Mishra.

R.V. KUMBHARE
M.A., B.T., T.D. (LONDON)

श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र के ऋतूल्लास नामक संस्कृत काव्य पर कविभूषण-साहित्यमहोपाध्याय-आशुकवि-वेदान्तभूषण-आगमरत्न-आम्नाय-धुरन्धर-महोपदेशक-कविकाव्यरत्नाकर-पण्डितप्रवर श्रीहरिशास्त्री दाधीच जयपुरस्थ द्वारा लिखित भूमिका का अंशः-

श्रीमान् महान् विद्वान् राजर्षि भर्तृहरि ने क्या ही सुन्दर कहा है-

''जयन्ति ते सुकृतिनो रससिद्धाः कवीश्वराः ।
नास्ति येषां यशः काये जरामरणजं भयम् ।।''

कवि का काव्य यशरूप अविनश्वर शरीर प्रकट करता है और वह काव्य ही जन्यजनक भाव से कवि का शरीर कहलाता है। इस शरीर में कभी जरा (बुढ़ापा) और मृत्यु का भय नहीं होता । ऐसे काव्य शरीर प्रादुर्भूत करने वाले कवि पूर्वजन्म के ऋषि होते हैं जैसा कि व्यास भगवान् की इस सूक्ति से सुस्पष्ट होता है-

'नानृषिः कुरुते काव्यम्'

जो पूर्वजन्म में ऋषि (ज्ञानी) होता है वह जन्मान्तर में विद्वान् होकर कवि होता है।

× × ×

कवि की कृति में सहृदयता और अभिनवरोचकता भरी पड़ी है, समय-समय पर उपयुक्त होती जायेगी तो बडा लाभ होगा । प्रसाद गुण है और रचना सरस एवं सरल है। साथ-साथ हिन्दी अनुवाद भी कसौटी पर कंसा हुआ सा प्रतीत हुआ है। भाषा बहुत ही व्यावहारिक है, सबको ही पसन्द आवेगी।

कवि ने पद्यों का इंग्रेजी अनुवाद भी कर दिया है। इससे इंग्रेजी के विद्वानों को भी इस संस्कृत साहित्य के वर्णन के तरीको का अनुभव होगा, वे भी इसे पढकर प्रसन्न होंगे।

श्रीहरि शास्त्री दाधीच
जयपुर ।

१०-६-५५ ई०

श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र की हिन्दी 'प्रावृट्-पृषन्ति' की भूमिका से उद्धृत अंश:-

"तुम्हारी वाणी में सम्पूर्ण
विश्ववीणा की व्याकुल तान ।"

× × ×

प्रस्तुत कविता संग्रह मूलत: उस समय का है तब श्री मिश्र लगभग बाईस वर्ष के थे- बल्कि संग्रह की कुछ कविताएँ तो उसके भी पहले की हैं। हाँ, प्रकाशन के वक्त उन्होंने अनुभव के आधार पर उनमें जगह-जगह परिवर्धन कर दिये हैं।

इन कविताओं का पठन करने पर पाठक स्वयं अनुभव करेंगे कि ये सभी गीत काव्य के अनूठे उदाहरण हैं। उनकी पद्यावली ललित एवं कोमल है तथा उनकी कविता में जहाँ ओज है वहाँ प्रसाद भी। रस और भाव दोनों की पकड़ रखने वाले कवि के लिये ये दोनों ही आवश्यक हैं-

"नैकमोज: प्रसादो वा रसभावविद: कवे:।।"

वैसे इन कविताओं का मूल सम्पूर्ण दत्त जी के यौवन की कृतियों का अंग है परन्तु अनुभव के फलस्वरूप उनमें परिवर्तन करके कविपुण्डरीक ने उन्हें परिपक्वता और गहराई प्रदान कर दी है।

एक बात और। पण्डित जी संस्कृत के जाने माने विद्वान् और कवि हैं; फिर भी हिन्दी से उन्हें विशेष प्रेम है और यही कारण है कि हिन्दी में लिखी इन कविताओं को तीन दशकों से अधिक समय तक सँजो कर ही नहीं रखा बल्कि उन्हें अब और सजा और सँवार कर प्रकाशन के लिए प्रस्तुत किया है। वैसे वे कहते हैं-

"सुरबालाओं की संगति से
संस्कृत संवादी स्वर मेरा ।
उसको सामान्य समागम के
कैसे अनुकूल बनाऊँ मैं ?"

× × ×

गुरुवार
विजयादशमी २०४१ विक्रमाब्द
४ अक्टूबर १९८४ ई0

रमाप्रसन्न नायक
(ICS राज्यसेवा निवृत)
भूतपूर्व मुख्य सचिव, मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल ।
भूतपूर्व राजभाषा-सचिव, गृहमंत्रालय, भारत-सरकार, नई दिल्ली।
भूतपूर्व कुलपति, जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश ।

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
OLD MILL ROAD
NEW DELHI - 2

Camp : Madras.

15th July, 1959

Dear Shri Mishra,

Thank you for sending me a copy of your book "Sukti Pancamrtam". I have read the Sanskrit verses with appreciation of its originality and style.

Yours sincerely,

Sd. / C.D. Deshmukh

Shri S.D. Mishra,
Ulhas Sribhavan,
Mohalla Gopalgarh,
BHARATPUR,
RAJASTHAN

Grams : UNIGRANTS

UNIVERSITY GRANTS COMMISSION
OLD MILL ROAD
NEW DELHI - 2

2nd November 1959

Dear Shri Mishra,

Thank you for sending me a copy of "Ritullas". I read it with interest and appreciation of your ability to write Sanskrit verse.

With good wishes,

Yours sincerely

Sd. / C. D. DESHMUKH

Shri S. D. Mishra,

Department of English
The University
BRISTOL

20 April, 1984

Dear Mr. Datta Mishra,

Thank you for your letter.....

Certainly the stanzas translated from your Sanskrit song, which you sent me, have a rhythm which is familiar to my ear.....

Your verses go very smoothly. I hope that the original was a success when you performed it at Jaipur.

With best wishes,

Yours sincerely

JOHN BURROW

श्रीः ।

स्वल्पाकारमपि प्रसादमधुरं काव्यं सुधावर्षणं
निर्मायैतदनाविलं खलु ऋतूल्लासाऽभिधानं कविः ।
विश्वेषां कविताकृतां सुमनसां चेतांसि संप्रीणयन्
लब्ध्वाऽयं कविपुण्डरीक-पदवीं जीयात्सतां संसदि ।।

मिश्रश्रीसम्पूर्णदत्तप्रणीतं सहृदयहृदयाकर्षणरमणीयपदार्थाभरणं ऋतुवर्णनपरं ऋतूल्लासाऽभिधानं लघुशरीरमपि बृहदर्थगर्भमन्वर्थं काव्यं पठित्वा परममुल्लासमवापाऽस्माकं हृदयम् ।

विरला एवं नन्विदानीं गीर्वाणवाणीचरणपरिचरण-परायणान्तःकरणाः कवयो विबुधा अपि । ईदृशेऽपि समये एतत्कवियुवकसदृक्षा विरलविरलाः प्रतिभामण्डिता निजनवनवरचनाभिः सुरभारतीसेवायै बद्धपरिकरा इति भारतीयानां कृते महद्धर्षस्पिदम् । यत्सत्यं कृतिरियं कर्णाभ्यर्णं कृता पीयूषपूरमुद्गिरतीव । किमधिकेन लेखनेन कवयो रसिकाः सहृदयाः स्वयमेव पठित्वा काव्यमिदं साक्षिणो भवेयुरिति ।

अमृतवाग्भवाचार्यः
पौषकृष्णा ६ शनौ
संवत् २०११

शुभाशंसा /पुरोवाक्

राजस्थान के सुप्रथित कवि, 'ऋतूल्लास' और 'सूक्तिपञ्चामृत ' आदि काव्यों के रचयिता कविकोकिल पं० सम्पूर्णदत्त मिश्र 'कविपुण्डरीक' की नवीनतम कृति 'रासनायकनायिकम्' प्रकाश में आ रही हैं यह अत्यन्त हर्ष का विषय है । इस काव्य में पंचचामर छन्द सुललित, हृदयावर्जक छटा के साथ महारास के नायक श्रीकृष्ण और नायिका श्री राधा की जो वन्दना निबद्ध है वह कवि के सुपरिचित अन्दाज में शब्द और अर्थ के विपुल चमत्कार को समाहित किये हुए है। इस संस्कृत काव्य के साथ कवि का स्वोपज्ञ हिन्दी काव्यानुवाद (कुछ का समच्छन्दोऽनुवाद) तथा अंग्रेजी काव्यानुवाद भी है जो इसकी उपादेयता में वृद्धि करेगा यह निर्विवाद है । कवि द्वारा स्वयं किया हुआ यह हिन्दी समच्छन्दोऽनुवाद (अनेक पद्यों का, कुछ पद्यों का हिन्दी छन्दों में अनुवाद है) तथा अंग्रेजी अनुवाद, हिन्दी तथा अंग्रेजी भाषा पर कवि के अधिकार तथा काव्य प्रणयन क्षमता का प्रमाण भी है । 'कदा करिष्यसीह मां कृपाकटाक्षभाजनम्' के चतुर्थ चरण से समाप्त होने वाले पद्यों की शृंखला इस क्षमता के एक नमूने के रूप में देखी जा सकती है (राधाकृपाकटाक्षः १-११)

मैं कविवर मिश्र जी से लम्बे समय से परिचित हूँ ।

युवावस्था की इनकी काव्य कृतियाँ मेरे पिता स्व0 भट्ट श्रीमथुरानाथ शास्त्री कवि-शिरोमणि ने भी देखी थीं । तभी से इनकी कविताएँ प्रकाशित होती रही हैं । उनका यह आयाम बहुतों को ज्ञान नहीं होगा कि ये भरतपुर के व्रज क्षेत्र में रहते हुए भी तांत्रिक साधना में दीक्षित हैं, भगवती ललिताम्बा त्रिपुरसुन्दरी के आराधक हैं ।

× × ×

ग्रन्थकार-कृतज्ञता

स्वामि-श्री-भारतीतीर्थ-कृतं मे यत्प्रशंसनम् ।
यच्च व्यक्तवती चन्द्रशेखरेन्द्र-सरस्वती ।।1।।

काशी-विद्वत्सभाऽध्यक्ष-श्रीमद्बटुक-शास्त्रिणा ।
मुक्तकण्ठेन गद्ये यत्कृतं मे ग्रन्थ-वन्दनम् ।।2।।

पण्डित-श्री-कलानाथ-शास्त्रिणा भूमिकाद्वयम् ।
हिन्द्यामाङ्गल-भाषायां कृतं सौहार्द-सम्भृतम् ।।3।।

तत्समस्तानुकम्पार्थं काशयेऽहं कृतज्ञताम् ।
यतो मात्सर्य-संसारे प्रशंसाऽप्यतिदुर्लभा ।।4।।

श्रीमत्त्रिपुरसुन्दर्या वाममार्गेण पूजकः ।
तान्त्रिकः श्रीहरिः शास्त्री दाधीचो नाद्य विद्यते ।।5।।

ऋतूल्लासस्य काव्यस्य सूक्तिपञ्चामृतस्य च ।
भूमिकार्थं कृतज्ञत्वं कुर्वे श्रीहरि-पादयोः ।।6।।

का सत्ता मे वराकस्य कर्मणां करणे क्षमा ?
श्रीसुन्दर्या विलासोऽयं नाहन्ता भिद्यते ततः ।।7।।

-कविपुण्डरीकः

सम्पूर्ण-दत्त-मिश्रः

शाम्भवी मुद्रा में

सुन्दरीस्पन्दनन्दनः, कविकुञ्जरः, कवीश्वरः, कविकोकिलः,
कविसहृदयशिखामणिः, कविकुलमणिः,
कविपुण्डरीकः

पण्डित श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र

SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

In Çāmbhavī Mudrā

(A special pose of Yoga for tantrikas)

मिति संवत् २०४१ वैशाख वदि अष्टमी सोमवार

April 23, 1984.



आत्म-परिचयः

स्वर्गादेवाऽवतीर्णः पुनरपि धरणेः स्वेच्छया स्वर्ग-गन्ता
यः सुन्दर्याः प्रसादादधिगत-कविता-कामिनी-प्रीतिमत्तः।
सोऽहं भोगाऽभिषिक्तो भरतपुर-गतः सप्त-पुत्रो गृहस्थो
देवर्षि-ब्रह्मविद्रो-चरण-शरणगो मिश्र-सम्पूर्णदत्तः।।1।।

-कविपुण्डरीकः

The Author`s Gratitude

My thanks to those that are described below, For compliments at my poetic show :

1. His Holiness Sri Jagadguru Shankaracharya, Dakshinamnaya Shri Sharada Peetham, Sringeri (Karnataka).

2. His Holiness the late Swami Chandra Shekharendra Saraswati, the Shankaracharya, Kama Koti Peeth, Kanchi .

3. Pt. Batuk Nath Shastri Khiste, the President, Pandit-Sabha, Kashi .

4. Dr. Kala Nath Shastri, Jaipur, for his forewords both in Hindi and English.

5. The late Pt. ShriHari Shastri Dadhicha, Jaipur, for his foreword in Hindi.

Thanks.

- Kavi-Puṇḍarīkaḥ
SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

सुन्दरीस्पन्दनन्दनः, कविकुञ्जरः, कवीश्वरः, कविकोकिलः,
कविसहृदयशिखामणिः, कविकुलमणिः,
कविपुण्डरीकः

पण्डित श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्र

Kavi-Puṇḍarīkaḥ

SAMPŪRṆA DATTA MIÇRA

मिति संवत् २०१६ वैशाख सुदि अक्षय-तृतीया रविवार

May 10, 1959.

आत्म-परिचयः

स्वर्गादेवाऽवतीर्णः पुनरपि धरणेः स्वेच्छया स्वर्ग-गन्ता
यः सुन्दर्याः प्रसादादधिगत-कविता-कामिनी-प्रीतिमत्तः।
सोऽहं भोगाऽभिषिक्तो भरतपुर-गतः सप्त-पुत्रो गृहस्थो
देवर्षि-ब्रह्मविद्रो-चरण-शरणगो मिश्र-सम्पूर्णदत्तः।।1।।

-कविपुण्डरीकः

सूक्तिपञ्चामृतम्

उच्चैर्लोके विलसति ऋतूल्लास-नाम्ना प्रसिद्धे
काव्ये भूयस्तदपरमिदं सूक्तिपञ्चामृतं च ।
सत्सौभाग्यं स्वमधिवसतामेकरम्यं समृद्ध्या
उल्लासश्रीभवनमधुनैतत्प्रकाशीकरोति ।।

कविपुण्डरीकः
श्री सम्पूर्ण दत्त मिश्रः
उल्लासश्रीभवनम्
गोपालगढ़
भरतपुर
३२१००१
राजस्थान

भूमिका

लेखकः - कविभूषण-साहित्यमहोपाध्याय-आशुकवि-वेदान्तभूषण - आगमरत्न - आम्नायधुरन्धर - महोपदेशक - कविकाव्यरत्नाकर - पण्डितप्रवर-श्रीहरिशास्त्री दाधीचः जयपुरस्थः ।

आज हमने भरतपुर निवासी कविपुण्डरीक पण्डित सम्पूर्णदत्त मिश्र लिखित सूक्तिपञ्चामृत नाम का एक छोटा सा पुस्तक प्रकीर्ण पद्यों से सन्दृब्ध हुआ देखा । इसे दो-तीन बार पढ़ा । रचना सुन्दर हुई है । भाषा शैली सुगम है । अर्थ सुबोध है । भाव सभी औचित्य-भरित और गंभीर हैं । प्रसाद, वर्णों तथा पदों में, विशद है । कविता क्लिष्ट नहीं है, समास प्रचुर भी नहीं है । तत्तत्प्रकरण को समझ लें तो तत्तत्पद्य स्वादिष्ठ ही प्रतीत होते हैं ।

पुस्तक का नामकरण भी बड़ी समझ से किया है । सभी प्राचीन अर्वाचीन कविपुङ्गवों ने सूक्ति में (कविता में) सुधा का सन्निवेश तो किया ही है । तदनुसार सूक्ति में अमृतारोप यथार्थ है । तदुपरिष्टात् विशेषता देखिए पञ्चामृत शब्द के सहयोग की । संसार में पञ्चामृत प्रसिद्ध है । दूध, दही, घृत,

मधु और शर्करा इन पाँचों पदार्थों को अमृत माना है । गुण में भी ये पदार्थ सम्मिलित रूप में होते हैं तब इन्हें पञ्चामृत कहा है । इनके सम्मिश्रण में भी विशेष आस्वाद मिलता है । हमारे देव प्रतिमाओं को यह पञ्चामृत नैवेद्य में और पृथक्- पृथक् रूप में स्नान कराने में भी उपयुक्त होता है ।ऐसे उत्तम देवप्रिय पदार्थ पञ्चामृत का सूक्ति पर आरोप भावनामात्र से भी कितना मधुर विदित होता है, जरा अनुभव कर सविमर्ष सहृदयता से देखिए । कवि का इसमें युक्त ही प्रतिभा का उपयोग हुआ है, नई सूझ ही है ।सूक्तियों को उन दुग्धादि पाँचों पदार्थों के अनुसार ही विभक्त करने से समष्टिरूप में पञ्चामृत नाम यथार्थ गुणानुबन्धी हो गया है । कुछ सूक्तियों को दुग्धामृत और कुछ सुभाषितियों को दध्यमृत एवं कतिपय भणितियों को घृतामृत तथा कई पद्यों को मध्वमृत एवं कुछ वृत्तावलि को सितामृत नाम से प्रकाशित किया है।

पूर्वोक्त पाँचों अमृतों की एकरूपता के समान सन्दर्भ को एक ही नाम से प्रकाशित किया है ।

पाठक महानुभाव ! आप इस पञ्चामृत के भिन्न अमृतों का भिन्न-भिन्न आस्वाद अनुभव कर सकते हैं परन्तु उक्त पञ्चामृत को बनाये सम्मिश्रित किए पीछे भिन्न-भिन्न आस्वादानुभव नहीं कर सकते हैं । यह इसमें विशेषता है ।

हमने पढ़कर देखा है - वास्तव में कई सूक्तियाँ अर्थविशदता से दुग्ध-मधुर ही प्रतीत होती है तो कुछ सूक्तियाँ दधि सी समुज्ज्वल और गम्भीर भावपूर्ण हैं । कुछ घृत सी मसृण और अनेक मिठासपूर्ण मधु सी हैं । इस नाम का समन्वय देख कर हम तो बहुत प्रसन्न हुए हैं ।घृतामृत की एक सूक्ति को देखिए इसमें घृत जैसा आयु:प्रद और मधुर तथा बलवत् है वैसा ही सूक्ति का प्रदर्शन भावादि से कितना उज्ज्वल और प्रबल तथा पुरुषार्थ-प्रवृत्ति के लिए कितना उत्तेजक है -

"नैष्कर्म्यं नो सुभग! भज सा साहसाऽऽप्या समृद्धिः
कातर्येणोन्मथितमतिकैः कैरवाप्ता वराकैः ?
वीरप्राप्या यदि सुखकरा वाञ्छिताः सन्ति भोगा
उत्साहानां विचर सरणौ भाग्यचर्चां निकृत्य ।।5।।"

दैववश निष्कर्म (निठल्ले) बैठे रहने वाले इस सूक्ति-घृत को पीने के बाद क्या पड़े ही रहेंगे ? यह घृत उनकी रग-रग में बल और ओज का सञ्चार कर देगा ।

मध्वमृत की सूक्तियों में भी देखिए - सभी रमणीय हैं तथापि आदर्श के लिए तो कोई न कोई प्रदर्शित की जाती ही है -

"उत्साह-साहस-विशेष-समिद्ध-सत्त्वो
भोक्ष्येऽन्तराय-परिवर्जितमेतदायुः ।
एवं विचार-सरणौ रमणं न युक्तं
कालः कपाल-कलना-कवलाद एषः ।।"

यहाँ उत्साह और साहस से समिद्ध हुए सत्व वाला मैं मेरे शेष दिनों को निर्विघ्न भोगूँगा इत्यादि विचार करते रहना युक्त नहीं है क्यों कि कपाल की कल्पनाओं को यह काल ग्रास करता रहता हैं।

आगे उद्धृत उपमालङ्कृति भी बड़ी अच्छी गुम्फित हुई है । आगे की सूक्ति में यथासंख्यालंकार की शोभा देखने ही की है कि भीषण वर्षा के साथ झञ्झावात के तूफान आने के समय गगन में और संकट आ पडने पर दुष्टात्माओं के मन में एवं अन्तिम निर्णय करते हुए ओजस्वी मनुष्यों के हृदय में क्रम से निःस्तब्धता, जड़ता और सुतरां धीरता आ ही जाती है । अच्छे शब्दों में इसका निबन्धन हुआ है । वास्तव में यह सूक्ति मध्वमृत ही है ।

इसी प्रकार दुग्धामृत की इस सूक्ति को देखिए - यह भी दूध की तरह समुज्ज्वल और माधुर्यपूर्ण होती हुई शान्ति सुख प्राप्ति के लिए भोग साधनों की चञ्चलता के द्वारा त्याग का उपदेश करती हुई अपनी सत्त्वपुष्टि का प्रयत्न कर रही है-

"वित्तं मित्रं कलत्रं सुख-करण-दलं नश्वरं नोऽभविष्य - ल्लोके चेत्कः कृती तत्परिवृति-विरहस्याऽपि नामाग्रहीष्यत् सौख्यं यन्नास्ति नित्यं तदिह मतिमतां नम्रभावं विधत्ते भोगानां चञ्चलत्वं प्रथयति जगति त्यागवृत्तेर्महत्त्वम् ।"

सचमुच भोगसुख अनित्य हैं । इनकी अनित्यता ही मानव में विनय और त्यागवृत्ति पैदा करती है । यह उक्ति दूध के समान है, पढकर अनुभव कीजिये ।

सात्त्विकी वृत्ति ही पुरुष का या स्त्री का सच्चरित्र बनाती है इस बात को भी आगे उद्धृत पद्य में पढ़कर कवि की मानसिक वृत्ति में सत्त्व का प्रकाश कितना है विदित कर लीजिये । यह सूक्ति भी दुग्धामृत की प्रतीक हुई है :-

"यावद्भोगाऽभिलाषं न भजति पुरुषः कामिनीनां कटाक्षे
तावन्नारी-शतानां शित-नयन-शतं चापि चित्तं न शास्ति ।
कामानामेष सर्गो दिशति रसिकता-गौरवं तत्सकाशे
चारित्रे हेतुभूता भवति तनुभृतां सात्त्विकी वृत्तिरेव ।।"

पढ़ लिखकर सावधान और जवान होने पर मनुष्य को धनोपार्जन करना ही चाहिए । यह न हो सका तो बुढ़ापे में असमर्थावस्था में पड़े-पड़े पछताने के अतिरिक्त अन्य कुछ भी लाभ न होगा इस उपदेश को दधि की तरह उज्ज्वल, उदात्त-भावभृत शब्दों में गुम्फित कर कवि ने कविता को आस्वाद्य बना दिया है । दध्यमृत का यह पद्य देखिये -

"धर्माचार-पुरस्सरं कुरु सखे ! द्रव्यार्जनं यौवने
तन्मार्गेषु पदे-पदे समुदिता बाधाः समुत्सादयन् ।
सामर्थ्यावसरे सुखाय सदनं नासादितं चेत्तदा
पश्चात्तापमृते भविष्यति तवान्यत्किंविधाख्यानकम् ? ।।"

नौकरी का (परतन्त्रता का) वर्णन करती हुई आगे उद्धृत दध्यमृत- सूक्ति, पढ़ने वालों के मन में दासता पर कितनी घृणा प्रकाशित करती है यह विचार से इसके पढ़ने पर स्पष्ट होगा । वाह! वाह!

"सेवा नाम निवृत्तसत्त्वगरिमा वृत्तिर्निकारो महान् ॥ ॥"

कैसा विराग उत्पन्न कर दिया है । इसे पढ़कर दासता को कौन स्वीकार करेगा ?

देह का मोह सुतरां दुस्त्याज्य है इस बात को आगे लिखी दध्यमृतसूक्ति में पढ़िये । दुःख पाते, अतीव पीड़ित होते हुए भी - अन्त समय में आँखों की पुतलियाँ ठहर गई हैं, भूमि पर उतार लिया गया है, प्रयाण का क्षण है तो भी -

"वाञ्छत्यन्तकवाञ्छितोऽपि जरठो भूयः स्वदेहस्थितिम् ॥ ॥"

यम के बुलाने पर भी बुड्ढा फिर देह को स्थित ही रखना चाहता है ! विचित्र है देह का मोह ! कभी नहीं छोड़ा जा सकता है ; विवश ही यह अपने को छोड़ जाता है ।

दुर्जन (धूर्त), सन्तों की नकल (विडम्बना) अपनी कीर्ति (ख्याति) बढाने के लिए करते हैं । ये केवल कीर्तिकामी होते हुए भी सन्तों की महिमा को तो आदर्श और अनुकरणीय ही बतलाते हैं ।

इनकी विडम्बना से भी सन्तों का माहात्म्य बढता ही है । कितनी सुन्दर बात को कितनी अच्छी रीति से समझाया है । आगे का पद्य देखें। चतुर्थ चरण तो याद ही रखने का है :-

"माहात्म्यं प्रतिपादयन्ति कपटाचारैरसन्तः सताम् ।। ।।"

मैं तो इस चतुर्थ पाद के दूसरे पद को जो 'प्रतिपादयन्ति' है उसे 'परिवर्द्धयन्ति' करके पढता हूँ तो मुझे अतीव सुरम्य मालूम होता है । कवि के मूल का पाठ भी अशुद्ध नहीं है पर मुझको यही अच्छा लगा कि प्रतिपादन की अपेक्षा परिवर्द्धन ही करते हैं । वाह! धन्य है।

सितामृत-सूक्तियाँ भी सुरम्य हैं तथापि आगे लिखी सूक्ति पढ़िये जिसमें कालकलना से कामिनी के यौवन के विलास क्षण-क्षण बदलते हुए कुछ ही काल में कहाँ कैसे विलीन हो जाते हैं इस बात को समझाया है । युवतियों का यह रूप कैसा बनाया है - सुतरां रमणीय और सम्भोगयोग्य, कविकुलों का आन्दोलित करने वाला एवं समर्थ युवकों का मोहक, जगत् के स्वाभाविक मजबूत, धुरे सरीखा और जो इस तरह लोगों को अवस्था प्राप्त होने पर विकृत किये बिना नहीं रहता ऐसा प्रबल अनिवार्य अप्रतिकार्य भी युवतियों का यह रूप कितनी सी देर में कहाँ विलीन हो जाता है - हा ! यह कहने में नही आता है । इस रूप की अस्थिरता से बड़ा कष्ट होता है इत्यादि।

आगे उद्धृत सितामृत-सूक्ति में ईर्ष्यावान् क्षुद्र हृदय वाले मानव का चित्र बतलाते हुए उस ईर्ष्या का फल प्रदर्शित किया है । क्या ही सुन्दर है ! संसार में क्षुद्र ईर्ष्यावान् कुपुरुष, धनाढ्य, विद्यावान् और अन्यान्य भोगसाधन-सम्पन्न तथा तपस्वी और प्रशंसावान् एवं गुणिजनों और कुलीनों की निन्दा करता हुआ, उनकी सम्पदाओं के भोग को आप स्वयं चाहता हुआ जो बातें बनाता है वह उसकी खुद की छुपी हुई लघुता को स्वयं ही स्पष्ट करता है । सच है बड़ों की निन्दा करने से लघु (क्षुद्र) मानव की क्षुद्रता स्वयं समुन्नत हो सबको स्पष्ट दिखाई पड़ती है । इस कारण कभी किन्हीं गुणी, महात्मा, विद्वान्, सुजनों की निन्दा नहीं करनी चाहिये यह सार सम्भृत हुआ । आगे लिखी सितामृतसूक्ति में -

"प्रकृति-चपले चेतसि वृथा
कथा नित्य-प्रेम्णो युवति-विषये वा नृ-विषये ॥108॥"

लोग कहते हैं प्रेम ऐसा है, वैसा है, अविनाशी है । कुछ भी हो पर वह नित्य स्थिर नहीं है यह दावा कवि का सदा के लिए निश्चित है और इसका गुम्फन अच्छे ढँग से किया है । वास्तव में यह सूक्ति मिश्री (सिता) सी मधुर प्रतीत होती है । इस प्रकार से इस पुस्तक में एक सौ पर एक पद्य हैं । इसे उपदेश-शतक भी कह सकते हैं । उपदेश के आधार अच्छे गुण

ग्रहण कर ही रचना की गई है । संस्कृत-साहित्य में ऐसी रचनाएँ अच्छा प्रभाव डाल सकती हैं । समय-समय पर इनका प्रयोग करता रहे तो ये पद्य अवश्य ही प्रभावोत्पादक हो सकते हैं ।

हम तो इस पुस्तिका को देखकर कविपुण्डरीक पण्डित सम्पूर्णदत्त मिश्र को इसके लिए धन्यवाद और आशीर्वाद भी देते हुए यही कहते हैं कि आपकी इस पुस्तक का पर्याप्त प्रचार हो और सभी साहित्य-प्रेमी सज्जन सहृदय इसका आदर करें ।

आगे भी आप ऐसी साहित्य-सेवा जिससे संसार के साधारण भी मानव लाभ उठा सकें, सद्व्यवहार, सत् आचार, सद्विचार, सद्भावना को बढ़ावें और अपने कर्तव्य को पहचान कर भगवान् श्रीहरि के चरणों में भक्तिभाव बढ़ाकर परम पुरुषार्थ को प्राप्त करें, जनता के सम्मुख प्रस्तुत करते रहेंगे ।

इतिशम्

आश्विन कृष्णाष्टमी भृगुः
श्रीहरि शास्त्री दाधीचः
संवत् २०१६ विक्रमाब्दः ।
जयपुर ।

गोविन्ददास जी का बाग
रामनिवास बाग,
जयपुर (राजस्थान) ।

पुरोवाक्

(देवर्षि कलानाथ शास्त्री, राष्ट्रपति संमानित संस्कृत विद्वान् भूतपूर्व अध्यक्ष, राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा निदेशक, भाषा-विभाग एवं संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार)

राजस्थान के वरिष्ठ रससिद्ध विद्वत्कवि कविपुण्डरीक पं0 श्री सम्पूर्णदत्त मिश्र संस्कृत जगत् में किसी परिचय की अपेक्षा नहीं रखते । संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी और ब्रजभाषा के अधिकृत विद्वान् होने के साथ-साथ इनमें इन चारों भाषाओं में काव्य-सर्जन कौशल भी प्रभूत मात्रा में विद्यमान है इसका प्रमाण है इनकी इन भाषाओं में रची काव्य पुस्तकें जो समय-समय पर प्रकाशित होती रही हैं । इनमें से संस्कृत काव्य रचनाओं के ग्रन्थ या संकलन आप देखें तो पाएँगे कि उनमें मूल संस्कृत कविता के साथ कभी समच्छन्दोबद्ध कभी हिन्दी छन्दोबद्ध हिन्दी काव्यानुवाद भी इन्हीं का किया मुद्रित है और अंग्रेजी काव्यानुवाद भी। इसके अतिरिक्त ब्रजभाषा की इनकी काव्य रचना भी हाल ही में राजस्थान ब्रजभाषा अकादमी द्वारा प्रकाशित की गई है । यह इन चारों भाषाओं में इनकी प्रखर काव्य सर्जन दक्षता का निदर्शन है ।

ये राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा विद्वत्कवि के रूप में संमानित किये जा चुके हैं । ब्रजभाषा अकादमी ने भी इन्हें संमानित किया है (ब्रजभाषा के वरिष्ठ कवि के रूप में) तथा अन्य अनेक संस्थाओं एवं आचार्यों ने भी पिछले दिनों रासनायकनायिकम्, रेवेश्वररञ्जना आदि इनके काव्य ग्रन्थ प्रकाशित और

समादृत हो चुके हैं । उसी क्रम में 'सूक्तिपञ्चामृतम्' नामक यह सुरुचिर काव्य ग्रन्थ अब आपके हाथों में है । ऊपर उल्लिखित दो काव्य तो स्तोत्र काव्य की श्रेणी में वर्गीकृत किये जा सकते हैं किन्तु यह पंचामृत विभिन्न भावभूमियों की, विभिन्न छन्दों में निबद्ध सरस मुक्तक कविताओं का संकलन है जिसमें अनेक स्वाद हैं, अनेक शैलियाँ, अनेक वर्ण्य विषय और कवि की अनेक दृष्टिभंगियाँ । वैसे कवि ने मोटे रूप में इन मुक्तकों को पाँच स्वादों में वर्गीकृत कर इस संकलन को पञ्चामृत कहा है जिसमें सर्वप्रथम घृतामृत आता है, फिर मात्रा में कुछ अधिक मध्वमृत, फिर पयोऽमृत (दुग्ध), फिर दध्यमृत और अन्त में वैपुल्य क्रम में सिताऽमृत (शर्करा) ।

संस्कृत भाषा की अजरामर काव्य रचना सहस्राब्दियों से इस देश में अक्षुण्ण चली आ रही है और आज भी सैकड़ों कवि संस्कृत की सुमधुर काव्य सर्जना में संलग्न हैं यह बात इस प्राचीन भाषा के संदर्भ में कुछ लोगों को आश्चर्यजनक लग सकती है किन्तु विज्ञजन जानते हैं कि यह अमर भाषा पुरानी होते हुए भी युवती है, वेद की उषा की तरह "पुराणी युवतिः"। कुछ सदियों पहले तक पुरानी परम्परा वाले कवि महाकाव्य अर्थात् प्रबन्ध काव्य लिखने में ही अपनी चरम उपलब्धि मानते थे । लक्षण ग्रन्थों में प्रबन्ध काव्य को ही महाकाव्य कहा भी गया क्योंकि कालिदास आदि बड़े-बड़े कवियों

ने महाकाव्य लिखने में रुचि ली थी (वैसे अन्य काव्य भी उन्होंने लिखे ही थे)। उस युग में घंटों, दिनों और हफ्तों बैठकर काव्य पढ़ते रहने की क्षमता पाठकों में थी भी किन्तु जब से भर्तृहरि और अमरुक तथा विज्जिका और विकटनितम्बा जैसे रचना धर्मियों के हृदयग्राही मुक्तक सामने आने लगे जो एक पद्य में दो क्षणों में ही कथ्य की सुरुचिर परिणति करके अद्भुत रस सागर में पाठक और श्रोता को गोते लगवा देते थे तब से मुक्तक को महाकाव्य से भी ऊँचा माना जाने लगा ।

आनन्दवर्धन आदि अनेक मार्मिक आचार्यों ने पाया कि सरस मुक्तक के आगे महाकाव्य भी कुछ नहीं । प्रसिद्ध है -

"अमरुककवेरेकं पद्यं प्रबन्धशतायते ।"

जयदेव के बाद से तो मुक्तककारों ने जो छाप छोड़ी उसके कारण महाकाव्य फीके पड़ गये । विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने नोबेल पुरस्कार जीत लिया, कालजयी विपुल काव्य रचना की, पर एक भी तथाकथित महाकाव्य याने प्रबन्धकाव्य नहीं लिखा । प्रबन्धकाव्य लिखने वाला ही महाकवि कहलाता है इस घिसी पिटी लकीर को पीटनेवालों ने जब उनसे पूछा कि आपने प्रबन्ध काव्य क्यों नहीं लिखा तो उन्होंने जो उत्तर दिया , बड़ा दिलचस्प और साहित्य जगत् में बहुचचिर्त है । उन्होंने कहा - मैंने प्रयत्न तो किया था एक मोटा सा प्रबन्ध काव्य लिखूँ ।

बड़े पद्यों का पुलिन्दा लेकर वाग्देवी के पास गया पर वाग्देवी ने जो मुक्त लास्य किया उससे उनके नृत्य के नूपुरों के प्रहार से सारा पुलिन्दा बिखर गया, घुँघरुओं ने सब पद्यों को मुक्तक बना दिया ।

मेरे पिता कविशिरोमणि स्व0 भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री ने भी जो अनेक भाषाओं के रससिद्ध कवि थे और जिनका काव्य अनेक सहस्र पद्यों, शताधिक छन्दों और बीसियों शैलियों में फैला हुआ है, कोई महाकाव्य नहीं लिखा । वे मुक्तक को या एक भावभूमि के सरस पद्यकुलक को ही रसमय काव्य कृतित्व का निकष मानते थे । कविपुण्डरीक पं0 संपूर्णदत्त जी पर उनका भी स्नेह था । जब पं0 संपूर्णदत्त मिश्र के ऋतूल्लास और सूक्तिपञ्चामृत (प्रारम्भिक संस्करण) आदि काव्य प्रकाशित हुए थे तो उन्होंने इनमें विपुल संभावनाएँ पाई थीं और अपनी प्रशंसा से इन्हें अभिषिक्त किया था ।

अपने कुछ मुक्तकों को 1959 में संकलित कर इन्होंने सूक्तिपञ्चामृतम् शीर्षक से काव्य पुस्तिका प्रकाशित की थी । उन मुक्तकों में से कुछ इस संग्रह में भी शामिल हैं पर पूरे निखार के साथ पुनः सृष्ट, पुनरीक्षित, परिशोधित रूप में और हिन्दी व अंग्रेजी काव्यानुवाद के साथ । अतः इस काव्य संकलन का स्वाद अनूठा ही है । ऐसे मुक्तक महाकाव्यों से भी बढ़कर होते हैं इसका प्रमाण इन

मुक्तकों में आप खोज सकते हैं । प्रत्येक अमृत अलग-अलग छन्द में (क्रमशः मन्दाक्रान्ता, वसन्ततिलका स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित और शिखरिणी) निबद्ध है । अतः इस काव्य में विषय-वैविध्य के साथ-साथ छन्दो-वैविध्य भी दृष्टिगोचर होता है यह मैं पहले कह चुका हूँ । आज के युग की विसंगतियाँ, देशदशा, काल की गति, जीवन के वास्तविक प्राप्तव्य का विवेचन, नेताओं , धनपतियों आदि को उद्बोधन आदि युगसत्य के उद्बोधक विषयों पर जहाँ कवि ने लेखनी चलाई है वहाँ सौन्दर्य , शृङ्गार, मिलन, विरह आदि विषयों को स्पर्श करने वाली वात्सल्य भक्ति आदि भावनाओं से भरी तथा सुभाषित की श्रेणी में आने लायक सदुक्तियाँ भी निबद्ध की हैं । इन सब कथ्यों के ताने बाने से यह मुक्तक संकलन गुम्फित है । कथ्य के साथ साथ शिल्प का वैविध्य भी अवलोकनीय है । अर्थालंकार और शब्दालंकार, दोनों की छटा इसमें देखने को मिलेगी । जहाँ शब्द साम्य और अनुप्रास का चमत्कार इसे एक विशिष्ट स्पर्श देता है (जैसे पद्य सं. 45) वहाँ अर्थान्तरन्यास, काव्यलिंग, रूपकादि अलंकारों, विशेषकर वक्रोक्ति की श्रेणी में आने वाली प्रखर उक्ति-भंगी भी इसे एक अलग पहचान देती है ।

संस्कृत के पाँच सुप्रतिष्ठित छन्दों में निबद्ध ये 111 पद्य संस्कृत में सदियों से चली आ रही शतक

परम्परा का एक नमूना भी प्रस्तुत कर सकते हैं क्योंकि अमरुक और भर्तृहरि के समय से ही 100 या 100 से अधिक पद्यों में शतक लिखने की जो परम्परा चली आ रही है उसमें भी सौ से कुछ अधिक पद्य ही शामिल किए जाते हैं, चाहे उसका नाम शतक ही क्यों न हो । किन्तु उसमें प्राय: एक विषय विशेष की कविता संकलित होती है जिसका निदर्शन है नीतिशतक, शृंगार शतक या वैराग्यशतक जो क्रमश: नीतिविषयक, शृंगारविषयक और वैराग्यविषयक मुक्तकों के संकलन हैं चाहे उनमें अनेक छन्दों का प्रयोग हुआ हो ।

सूक्तिपञ्चामृत को संपूर्णदत्त जी से शतक आदि न कह कर पाँच खंडों में बाँटा है तथा पद्य संख्या प्रत्येक अमृत में क्रमश: वर्धमान रखकर पद्यों के वर्गीकरण को एक नई शैली दी है जो अपने आप में अनूठी कही जा सकती है । ये पाँच विभाजन पंचामृत की प्रकृति के अनुसरण में हैं जिनका आस्वाद अलग अलग होता है जबकि ये पाँचों अपने आप में रसनीय और तृप्तिदायक होते हैं ।

पद्यों का कथ्य क्या है इसका संकेत प्रारंभ में उनके उपशीर्षक द्वारा दे दिया गया है जो पाठक के लिए प्रीतिकर भी होगा, रुचिकर भी और सुविधाजनक भी । इन शीर्षकों से भी विषय वस्तु का व्यापक विस्तार स्पष्ट हो जाता है । कहीं आज की

विडम्बनाओं पर प्रहार है (65,66) तो कहीं अपनी प्रिय गाय के वियोग के अनन्तर आने वाली उसकी याद में स्वभावोक्ति निबद्ध है (पद्य सं. 68) कहीं कवि और काव्य पर कवि के उद्गार हैं (90,91), कहीं वात्सल्य रस की छटा है (93) ।

काव्यानुवाद –

रसज्ञ पाठकों को जो पक्ष इस पंचामृत में सर्वाधिक चमत्कृत करेगा वह है इसका काव्यानुवाद । स्वयं कवि का किया हुआ हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में निबद्ध यह काव्यानुवाद अनेक दृष्टियों से अनूठा है । हिन्दी के काव्यानुवाद की विशेषता तो यह है कि यह समच्छन्दोनुवाद है, संस्कृत के उसी छन्द में हिन्दी काव्यानुवाद किया गया है अतः संस्कृत और हिन्दी दोनों पाठों को पढ़कर लय और यति-गति की समरसता का एक अलग ही आस्वाद बन जाता है ।

हिन्दी में संस्कृत छन्दों के गुम्फन की सुदीर्घ परम्परा रही है । हरिऔधजी का 'प्रियप्रवास' महाकाव्य जिसने देखा है उसे संस्कृत छन्दों में निबद्ध हिन्दी काव्य का आस्वाद ज्ञात होगा ही । वैसी रचना मैथिलीशरण गुप्त, महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसे अनेक विख्यात कवियों ने की । स्वयं प्रसाद ने संस्कृत छन्दों में कुछ पद्य लिखे । धीरे-धीरे यह प्रथा समाप्त हो गई क्योंकि इसके लिए संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं का अध्ययन आवश्यक होता है, साथ ही रचना शिल्प पर अधिकार और अभ्यास भी अपेक्षित होता है । नई चाल के कवियों में वह

होता नहीं अतः नई कविता वाले इस प्रथा को पुराणपन्थी या हेय बतलाने के अनेक आधुनिक आधार खोजकर उसे कालातीत और द्विवेदीकालीन करार दें, यह स्वाभाविक ही था । तब से इस परंपरा का परिज्ञान लुप्त हो गया । इस शिल्प की जो कसावट, जो कठिनाई चुनौती बनकर सामने आती है उससे भुक्तभोगी ही परिचित हो सकता है । उस पर विजय पाते हुए कविपुण्डरीक ने यति-गति पर खरा उतरने वाला जो संस्कृत छन्दोबद्ध हिन्दी काव्यानुवाद किया हुआ है वह अपने आप में पठनीय है ।

इस अनुवाद में अनेक भाषिक प्रयोग देखने को मिलेंगे । एक यह अनूठा प्रयोग भी शायद कुछ सुधी पाठकों को चमत्कृत करेगा कि अन्त्यानुप्रास की प्रथा जो संस्कृत छन्दों में नहीं है, हिन्दी काव्यानुवाद में कवि ने बहुत से पद्यों में अपनी ओर से जोड़ दी है । उदाहरणार्थ शार्दूलविक्रीडित छन्द में पहले और दूसरे चरण में चौवनवें पद्य का यों काव्यानुवाद किया है -

''संपत्संचय की न शक्ति.....जान के।'' 54

यहाँ 'घूमता' और 'चूमता' का तुकान्त तथा 'तान के' और 'जान के' का तुकान्त छन्दः-शास्त्र द्वारा तो विहित नहीं किया गया, कवि ने अपनी ओर से जोड़ा है, कवि ने इससे अपनी कठिनाई बढाई है किन्तु इससे काव्य-सौष्ठव और शब्द-शय्या का लालित्य भी अवश्य ही बढ़ गया है । 55 वें और 56 वें छन्द में भी इसी प्रकार तुकान्त योजित है ।

कहना न होगा कि हिन्दी काव्यानुवाद की मिश्रजी की छन्दो-रचना विशुद्ध है, उसमें उर्दू की तरह उच्चारण को लघु-दीर्घ बनाकर गति नही बिठानी होती, गण और लघु-गुरु का वजन ठीक बैठता है अतः उच्चारण में जरा भी असुविधा नहीं होती । इस काव्यानुवाद के लिए कविपुण्डरीक शतशः बधाइयों के हकदार हैं । इसके विविध पक्षों की, इसमें अनेक टकसाली तथा आंचलिक शब्दों को जडकर भाषा को नये आयाम देने की समीक्षा की जाए तो बहुत विस्तार हो जाएगा । वैसे भी "न हि कस्तूरिकामोदः शपथेन विभाव्यते" के अनुसार स्वयं पढ़कर देखने से ही स्वोपज्ञ काव्यानुवाद (और मूल काव्य का भी) का वैशिष्ट्य समझ में आ सकता है अतः इस पर अधिक नहीं लिख रहा ।

अंग्रेजी काव्यानुवाद भी कवि का स्वोपज्ञ है, अपना है । मूलतः अंग्रेजी के सुप्रथित छन्द में निबद्ध यह काव्यानुवाद भी कवि के अंग्रेजी और अंग्रेजी छन्दः शास्त्र पर अधिकार का प्रमाण है । यह अनुवाद **"lambic pentameter"** में निबद्ध है और **a a, b b** के ढाँचे से तुकान्त बद्ध है । इसे "हीरोइक कप्लेट" कहा जाता है । अतः इसे यों भी समझा जा सकता है कि प्रत्येक संस्कृत पद्य का अंग्रेजी में काव्यानुवाद दो-दो हीरोइक कप्लेटों द्वारा किया गया है । इसमें भी आयम्बिक पेंटामीटर की सुगठित पंक्ति में अनुवाद का गुंफन, फिर राइम

अर्थात् तुकान्त का निर्वाह, पूरे पद्य के भाव को चार पंक्तियों में समाविष्ट कर देना, इन सब चुनौतियों का सामना करते हुए एक विदेशी भाषा में काव्यानुवाद कितना कठिन हो सकता है, यह सहज ही समझा जा सकता है किन्तु संपूर्णदत्त जी ने अंग्रेजी कविता का, साथ ही छन्द: शास्त्र का जो गहन अध्ययन यौवनकाल में किया है उसके कारण उन्होंने एक अन्तर्दृष्टि भी अंग्रेजी छन्द:शास्त्र और भारतीय छन्द:शास्त्र के उत्सों पर विकसित कर ली है, यही कारण है कि वे इन चुनौतियों का सामना सहजता से कर काव्यानुवाद में भी स्वोपज्ञ विशिष्टता समाहित कर देते हैं ।

हम लोग तो यह मानते हैं कि संस्कृत जैसी प्राचीन, सुगठित, वैज्ञानिक और विराट् भाषिक संरचना वाली भाषा में काव्य रचना की क्षमता किसी अलौकिक शक्तिपात, साधना या आशीर्वाद के बिना विकसित नहीं हो सकती । पं0 संपूर्णदत्त मिश्र महाशक्ति महाविद्या की साधना में परंपरा से दीक्षित हैं तथा पं0 अमृतवाग्भवाचार्य जैसे तप:पूत प्रज्ञाधन मनीषियों के स्नेहाशीर्वादों की निधि के धनी हैं, साथ ही अनवरत उपासना तथा काव्य संरंभ के अभ्यासी हैं । तभी इस प्रकार की बहुभाषीय काव्य रचना के अवदान से समाज को समृद्ध करते रहते हैं। इनका यह नवीनतम अवदान भी संस्कृत जगत् में स्वागत और संमान प्राप्त करेगा, इसमें सन्देह नहीं ।

सी-8 पृथ्वीराज रोड, जयपुर ।

FOREWORD

Devarshi kala Nath Shastri, Ex-Chairman, Rajasthan Sanskrit Academi and former Director, Bhasha Vibhag and Sanskrit Education, Govt. of Rajasthan.

To an enlightened Sanskrit Scholar of India who is aware of the contemporary creative efflorescence in Sanskrit, Kavi Puṇḍarīkaḥ Pt. Sampūrṇa Datta Miçra needs no introduction. He, already the author of many a memorable Sanskrit poem of repute has enthralled the audience at so many Sanskrit Kavi-sammelanas by his mellifluous renderings of Sanskrit poems and has been honouned by the State Government, so many Sanskrit Organisations and other literary Associations including the Rajasthan Sanskrit Academy and the Rajasthan Brij Bhasha Academy. The Sanskrit Academy honoured him in 1997 as a Sanskrit Scholar. The Brij Bhasha Academy has recently brought out a monograph on the life and works of Shri Miçra comprising *inter alia* his poems in Brij Bhasha. It is a matter of pride that he possesses

equal command over Sanskrit, Hindi, Brij Bhasha and English enabling him to write poetry in all these four languages. Writing poetry in an ancient language like Sanskrit is not everybody`s cup of tea. It requires enough erudition and a lot of toil by way of mastering the ediom proper for poetising. Besides this, as traditional Pundits believe the talent and the skill of composing poetry in Sanskrit can not be achieved without some spiritual acquisition, inspiration or intuition. That Pt. Miçra is endowed with such spiritual powers and intuition in a great measure is no secret now as we know that he had been initiated into the cult of Mahavidya Worship and has also been blessed by great preceptors like Shankaracharyas and Shri Amrita Vagbhavacharya.

Sanskrit Scholars are aware of his poetic Works like Ṛtūllāsaḥ, Rāsa-Nāyaka-Nāyikam, Reveçvara-Rañjanā etc.. He had published some of his small poems under the title of Sūkti-Pañcāmṛtam as early as 1959. It is a matter of great pleasure that those poems and many others besides them will

now be available to the Sanskrit world and that too in an entirely revised form, much elaborated in numbers and accompanied with a mellifluous translation of each verse in Hindi in the same meter and also in English in Heroic Couplets. These translations enhance the pleasure of the reading of the original verse and also the acceptability of the same in a much greater clientele. That the translations made by the author himself are authentic and equally treasurable needs no emphasis. They also speak volumes of the poetic competence and the wide range of creativity of the poet with the command over languages other than his mother tongue and the national language. The poetic translations have acquired a palatability of their own which, I hope, would satisfy the readers of a wide variety.

